अमर उजाला 22/01/2025

सूर्य नमस्कार अभियान के तहत कार्यक्रम

जीएमएन कॉलेज में पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन में हो रहा है।

इसके पहले दिन एमएसएमई-डीएफओ करनाल की सहायक संचालक मीनू धीमान ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के आरंभ में कन्वीनर डॉ. प्रबलीन कौर एवं को-कनवीनर डॉ. भारती सुजान ने कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया। प्रो. रितिका और प्रो. जसमीता ने मंच संचालन किया। मीनू धीमान ने आईपीआर और उसके विभिन्न अवयवों से अवगत कराया। हरियाणा योग आयोग की प्रेरणा से चलाए जा रहे हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम करवाया गया।

यह अभियान स्वामी विवेकानंद जयंती से महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाना है।